# भरदे झोली खाली | By CS Lahari

अम्बे जगदम्बे महारानी
भरदे मेरी झोली खाली
मैंने अर्ज़ी आज लगा दी
आओ चुनरिया लहराती
हंसती आओ मुस्कुराती
अम्बे जगदम्बे........
अम्बे जगदम्बे महारानी
भरदे मेरी झोली खाली

ऊँचे ऊँचे पहाड़ो पे रहती
माता वैष्णो कृपा तेरी देखी
रूप कितने हैं तेरे जहाँ में
मन के मंदिर में तू ही तो बैठी
ज्वाला मैया मेरी काँगड़े वालिये
चामुंडा भगवती झंडे वाली मेरी
तू झंडेवाली मेरी
मनसा मात भवानी .......
मनसा मात भवानी विंध्यवासिनी
मैंने तेरी ज्योत जगा ली
मैंने अर्ज़ी आज लगा दी
आओ चुनरिया लहराती
हंसती आओ मुस्कुराती
अम्बे जगदम्बे........
अम्बे जगदम्बे महारानी
भरदे मेरी झोली खाली

आदिशक्ति माँ जननी हमारी
तारा कामाख्या शक्ति हमारी
ललिता धूमावती जीणमाता
काली भुवनेश्वरी प्यारी प्यारी
लक्ष्मी कंला तू ही योगमाया तू ही
मातंगी भैरवी छिन्नमस्ता तू ही ये छिन्नमस्ता तू ही
नैना देवी बगला ........
नैना देवी बगला त्रिपुर सुंदरी
मैंने तेरी ज्योत जगा ली
मैंने झोली माँ फैला दी
आओ चुनरिया लहराती
हंसती आओ मुस्कुराती
अम्बे जगदम्बे........
अम्बे जगदम्बे महारानी
भरदे मेरी झोली खाली

लहेरी चरणों में बैठा तुम्हारे
काटो काटो माँ संकट हमारे
एक तू ही मेरा आसरा माँ
चलता परिवार तेरे सहारे
तुलजा हिंगलाज माँ मेरी परमेश्वरि

शारदा गौरी ब्रह्माणी, शाकम्भरी, राज राजेश्वरी
करणी कुष्मांडा कल्याणी
मैया वर दे वैभवशाली
मैंने अर्ज़ी आज लगा दी
आओ चुनरिया लहराती
हंसती आओ मुस्कुराती
अम्बे जगदम्बे........
अम्बे जगदम्बे महारानी
भरदे मेरी झोली खाली

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%b0%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%9d%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-by/